आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 23.12.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- भारत–न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते से अगले पाँच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होने की उम्मीद, भारतीय कुशल श्रमिकों के लिए नए रोजगार अवसर।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा के ताड़ीखेत में 77 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने खिलाड़ियों से 2030 कॉमनवेल्थ और 2036 ओलंपिक को लक्ष्य बनाकर नियमित अभ्यास करने का आह्वान किया।
- देहरादून में आज से सहकारिता मेले की शुरूआत होगी।
- पिथौरागढ़ के नैनी सैनी एयरपोर्ट का विस्तार लगभग 70 एकड़ भूमि में 432 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

व्यापार समझौता

भारत और न्यूजीलैंड के बीच ऐतिहासिक, महत्वाकांक्षी और लाभकारी मुक्त व्यापार समझौता हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टफर लक्सन ने इसकी घोषणा की। श्री मोदी ने कहा है कि दोनो देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते ने अगले पांच वर्ष में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि दोनो देशों की साझेदारी नई ऊंचाइयों को छूने जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विभिन्न क्षेत्रों में न्यूजीलैंड के 20 अरब डॉलर से अधिक के निवेश का स्वागत करता है। श्री लक्सन ने कहा कि नौ महीने के रिकॉर्ड समय में समझौते का संपन्न होना दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति को दर्शाता है।

सीएम अल्मोड़ा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा जिले के ताड़ीखेत में आयोजित बहुउद्देश्यीय शिविर में लगभग 77 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से जुड़ी 32 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने रानीखेत विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हेलीपैड निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं।

शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन से जुड़े कार्यों को जनता के लिए उनके ही क्षेत्र में सुलभ बनाने के उद्देश्य से सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इसके तहत अधिकांश सरकारी सेवाओं को ऑनलाइन किया गया है और समय–समय पर बहुउद्देश्यीय शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पहाड़ों से पलायन रोकने, स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

साइकिलिंग

खेल मंत्री रेखा आर्या ने प्रदेश के खिलाड़ियों से 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स और 2036 ओलंपिक को लक्ष्य बनाकर नियमित अभ्यास करने का आह्वान किया है। रुद्रपुर स्थित शिवालिक वेलोड्रोम में आयोजित नेशनल ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप के दौरान खेल मंत्री ने साइकिलिस्टों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर खेल मंत्री ने कहा कि वेलोड्रोम के निर्माण के बाद उत्तराखंड जल्द ही साइकिलिंग की नर्सरी के रूप में उभरेगा।

सहकारिता मेला

राजधानी देहरादून में आज से सहकारिता मेला शुरू हो रहा है। मेले की तैयारियों को लेकर सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि मेले में गांवों के शुद्ध जैविक उत्पाद, पारंपरिक हस्तशिल्प और क्षेत्रीय व्यंजनों का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह मेला स्थानीय कारीगरों और किसानों की मेहनत को करीब से जानने और उन्हें प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। सहकारिता मंत्री ने सभी से 'सहकार से समृद्धि' के इस उत्सव में सहभागिता करने का आह्वान किया।

नैनी सैनी एयरपोर्ट

पिथौरागढ़ जिले के नैनी सैनी एयरपोर्ट का विस्तार लगभग 70 एकड़ भूमि में 432 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। यह जानकारी कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने अपने दो दिवसीय पिथौरागढ़ दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस एयरपोर्ट के विस्तार से क्षेत्र की हवाई संपर्क सुविधा सुदृढ़ होगी और सेना के विमानों के संचालन में भी आसानी होगी।

जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार

'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तरकाशी जिले की न्याय पंचायत नौगांव और न्याय पंचायत गातू में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों के विभिन्न प्रमाण पत्र बनाए गए और उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

उधर, बागेश्वर जिले के विकासखंड कार्यालय सभागार में 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम के तहत एक व्यापक जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। आकाशवाणी से बातचीत में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बताया कि संवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बिजली, पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस अवसर पर ग्राम आरे के प्रधान दीपक खेतवाल ने जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक, सड़कों की बदहाल स्थिति और पेयजल संकट का मुद्दा उठाते हुए जल्द समाधान की मांग की।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

दस लाख परिवारों को दोबारा मिलेगा हर महीने पांच किलो सस्ता गेहूं– हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– केंद्र सरकार ने उत्तराखंड के लिए दो साल पुरानी व्यवस्था को दोबारा लागू किया।

चमोली के पोखरी में स्कूल परिसर से छठवीं के छात्र को खींच ले गया भालू, 8वीं की छात्रा ने बचाया– इस शीर्षक के साथ अमर उजाला समाचार पत्र खबर में लिखता है– जूनियर हाईस्कूल हरिशंकर की घटना, घटना में दोनों बच्चे हुए घायल, बच्ची के साहस की हो रही सराहना।

उत्तराखंड स्नातक स्तरीय परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई– इस खबर के शीर्षक में हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– सुमन, खालिद समेत तीन लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर।

43 आईटीबीपी आउटपोस्ट व सीमावर्ती 882 घर होंगे रोशन– अमर उजाला इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– केंद्र की बॉर्डर आउटपोस्ट योजना व वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत नए साल में होगा काम।